असाइनमेंट विषय :– हिंदी कक्षा :- तीसरी शिक्षिका :- श्रीमती इंदरजीत कौर

नाम :- _______________ सेक्शन :- ________ रोल नंबर :- _______ दिनांक :- /01/2022

पाठ-12
प्रदूषण

नए शब्द

1) कारखानों
2) हानिकारक
3) प्रदूषण
4) प्राकृतिक
5) फेफड़ों
6) स्थापित
7) धुएँ

शब्द- अर्थ

1) स्थापित - जिसकी स्थापना हुई हो
2) प्राकृतिक -प्रकृति से उत्पन्न
3) प्रदूषित -दूषित होना
4) संतुलन - बराबर मात्रा
5) संबंधित - जुड़ा हुआ
6) पर्याप्त - काफ़ी
7) चिंताजनक- चिंता संबंधी

<u>मौखिक प्रश्न - उत्तर</u>

(क) नैना और अमित क्यों प्रसन्न थे?

उत्तर क्योंकि गाँव से उनके नाना-नानी आने वाले थे।

(ख) किसके गले से सही से आवाज़ नहीं निकल पा रही थी?

उत्तर नानी जी के गले से सही से आवाज़ नहीं निकल पा रही थी।

(ग) हमारे वायुमंडल में प्राकृतिक रूप से क्या होता है?

उत्तर कुछ गैसें।

<u>प्रश्न / उत्तर</u>

प्रश्न 1 **नाना जी ने गाँव और शहर में क्या अंतर बताया ?**

उत्तर गाँव में न भागदौड़ है , न धुँआ और न गंदगी है। शहर में तो बहुत वायु प्रदूषण है।

प्रश्न 2 **वायु - प्रदूषण का क्या अर्थ है ?**

उत्तर प्राकृतिक रूप से पाई जाने वाली वायु जब प्रदूषित हो जाती है, तो हानिकारक हो जाती है। इसे वायु प्रदूषण कहते है।

प्रश्न 3 **वायु कैसे प्रदूषित होती है?**

उत्तर कारखानों से निकलने वाले धुएँ से और जगह- जगह कचरे के ढेर लगने से ही वायु प्रदूषित होती है।

प्रश्न 4 **नाना जी ने प्रदूषण से बचने के क्या उपाय बताए?**

उत्तर नाना जी ने प्रदूषण से बचने के निम्नलिखित उपाय बताए :-

1 जो कारखाने प्रदूषण फैलाते हैं, उन्हें शहर से दूर स्थापित करना चाहिए।

2 अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए।

प्रश्न 2 पाठ के आधार पर खाली स्थान भरिए। (पेज न०-95)

(क) नानी जी की तबीयत **<u>खराब</u>** हो रही थी।

(ख) शहर में तो बहुत **<u>वायु- प्रदूषण</u>** है।

(ग) कूड़ा-कचरा **<u>कूड़ेदान</u>** में ही डालना चाहिए।

(घ) वाहनों को धुआँ **<u>मुक्त</u>** रखना चाहिए।

(ङ) घर की नालियाँ **<u>ढककर</u>** रखनी चाहिए।

प्रश्न3 पाठ के अनुसार वाक्य के सामने सही या गलत लगाइए । (पेज न०-95)

(क) वायु प्रदूषण का अर्थ है- वायु का दूषित होना। ✔

(ख) नाना जी का गला खराब हो गया था। ✖

(ग) हमें अधिक से अधिक पेड़- पौधे लगाने चाहिए। ✔

(घ) शुद्ध वायु में साँस लेने से गंभीर बीमारियाँ हो जाती हैं।✖

(ङ) पेड़-पौधे शुद्ध वायु देते हैं।✔

भाषा ज्ञान

प्रश्न2 इनके शब्द लिखिए।(पेज न०-96)

ड- डाल <u>डलिया</u> <u>डमरु</u>

ड़ कूड़ा <u>पेड़</u> <u>उड़ना</u>

ढ ढोलक <u>ढक्कन</u> <u>ढाल</u>

ढ़ पढ़ना <u>चढ़ना</u> <u>बढ़ई</u>

पाठ - 17

सुंदर कौन?

<u>नए शब्द</u>

1) चाणक्य

2) प्रधानमंत्री

3) आकर्षित

4) विद्वान

5) निरुत्तर

6) राजनीति

<u>शब्द - अर्थ</u>

1) न्यायप्रिय - जिसे न्याय पसंद हो

2) समक्ष - सामने

3) विस्मय - हैरानी

4) आकर्षित - अपनी ओर खींचना

5) आंतरिक - मन से संबंधित

6) कुरूप - बदसूरत

7) आग-बबूला - गुस्सा होना

<u>मौखिक</u>

(क) मगध के राजा कौन थे?

उत्तर चंद्रगुप्त मौर्य।

(ख) चंद्रगुप्त मौर्य किसे गुरु की भाँति सम्मान देते थे?

उत्तर चाणक्य को।

(ग) चाणक्य देखने में कैसे थे?

उत्तर कुरूप।

(घ) पहले पात्र का जल कैसा था?

उत्तर ना ठंडा था और ना उसमें स्वाद था।

<u>लिखित</u>

(क) चाणक्य और चंद्रगुप्त में किस बात को लेकर बहस छिड़ गई?

उत्तर चंद्रगुप्त का कहना था कि यदि व्यक्ति सुंदर हो तो पहली ही दृष्टि में आकर्षित कर लेता है। चाणक्य का कहना था कि यदि व्यक्ति कुशल है तो किसी को, कभी भी आकर्षित कर सकता है।

(ख) चंद्रगुप्त को क्रोध क्यों आ गया?

उत्तर सेवक द्वारा गर्म और बेस्वाद पानी पिलाने पर चंद्रगुप्त को गुस्सा आ गया।

(ग) चंद्रगुप्त को क्रोध में देखकर चाणक्य ने क्या कहा?

उत्तर चाणक्य ने कहा कि आप इस समय क्रोध में है। ऐसी दशा में सत्य और असत्य को परखना कठिन हो जाता है।

(घ) चाणक्य की कौन-सी बात से चंद्रगुप्त निरुत्तर हो गए?

उत्तर जब चाणक्य ने बताया कि पहले पात्र का जल सोने से बने घड़े का था। दूसरे पात्र का जल मिट्टी से बने घड़े का था। अब आप ही बताइए कि बाहरी सुंदरता और आंतरिक गुणों में से किस का महत्व अधिक है।

प्रश्न 2 सही कथन पर(✔) और गलत कथन पर (✖)लगाइए ।

(क) चंद्रगुप्त मौर्य चाणक्य को गुरु की भाँति सम्मान देते थे। ✔

(ख) चाणक्य अत्यधिक रूपवान थे। ✖

(ग) पहली बार सेवक ने चंद्रगुप्त को शीतल जल पिलाया। ✖

(घ) दूसरे पात्र का जल मिट्टी से बने घड़े का था।✔

(ङ) पहले पात्र का जल सोने से बने घड़े का था।✔

प्रश्न 4 विलोम शब्द चुनकर लिखिए।

सत्य × <u>असत्य</u>

शांत × <u>अशांत</u>

विद्वान × <u>मूर्ख</u>

शीतल × <u>ऊष्ण</u>

व्यवस्था × <u>अव्यवस्था</u>

आंतरिक × <u>बाहरी</u>

स्वीकार × <u>अस्वीकार</u>

गुण × <u>दोष</u>

प्रश्न 5 सही शब्द पर(✔) निशान लगाइए।

(क) 'पानी' शब्द **पुल्लिंग** / स्त्रीलिंग है।

(ख) 'क्रोध' शब्द **पुल्लिंग** / स्त्रीलिंग है।

(ग) 'दृष्टि' शब्द पुल्लिंग/ **स्त्रीलिंग** है।

(घ) 'सुंदरता' शब्द पुल्लिंग/ **स्त्रीलिंग** है।

(ङ) 'सत्य' शब्द **पुल्लिंग**/ स्त्रीलिंग है।